ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ, उत्तर प्रदेश (भारत)
Khwaja Moinuddin Chishti Language University, Lucknow, U.P. (India)

# परीक्षा समिति की कार्यवाही

## दिनांक 11.01.2022 को पूर्वान्ह 11:00 बजे सभागार में सम्पन्न परीक्षा समिति (01)की बैठक की कार्यवाही

**बैठक में निम्नलिखित सदस्यगण उपस्थित रहें :–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रो0 विनय कुमार पाठक, कुलपति | – | अध्यक्ष। |
| 2. | प्रो0 मसऊद आलम | – | सदस्य। |
| 3. | प्रो0 सैय्यद हैदर अली | – | सदस्य। |
| 4. | प्रो0 चंदना डे | – | सदस्य। |
| 5. | प्रो0 सौबान सईद | – | सदस्य। |
| 6. | डॉ0 नीरज शुक्ल | – | सदस्य। |
| 7. | डॉ0 जावेद अख़्तर | – | सदस्य। |
| 8. | डॉ0 रूचिता सुजए चौधरी | – | सदस्य। |
| 9. | डॉ0 उधम सिंह | – | सदस्य। |
| 10. | श्री प्रवीण कुमार त्रिपाठी | – | सदस्य। |
| 11. | प्रो0 संजीव कुमार त्रिवेदी | – | विशेष आमंत्रित। |
| 12. | डॉ0 अताउर रहमान आज़मी, उप परीक्षा नियंत्रक | – | विशेष आमंत्रित। |
| 13. | श्री संजय कुमार, कुलसचिव | – | सदस्य। |
| 14. | डॉ0 भावना मिश्रा, परीक्षा नियंत्रक | – | सचिव। |

सर्वप्रथम अध्यक्ष महोदय द्वारा समस्त सदस्यगण का स्वागत करते हुए बैठक की कार्यवाही प्रारभ किये जाने हेतु परीक्षा नियंत्रक को निर्देशित किया गया। तदक्रम में परीक्षा नियंत्रक द्वारा प्रस्तुत कार्यसूची पर परीक्षा समिति द्वारा बिन्दुवार निम्नांकित निर्णय लिये गये :–

बिन्दु सं0–1 **परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 20, अक्टूबर 2021 की संलग्न कार्यवाही के सम्पुष्टीकरण पर विचार।**

परीक्षा समिति द्वारा पूर्व में सम्पन्न बैठक दिनांक 20, अक्टूबर 2021 की कार्यवाही को यथावत् सम्पुष्ट किया गया।

बिन्दु सं0–2 **विश्वविद्यालय की सत्र 2021–22 की आगामी प्रथम, तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर की परीक्षाओं की तिथि निर्धारण के सम्बन्ध में विचार। (दिनांक 27, जनवरी 2022 से दिनांक 09, फरवरी 2022 तक प्रस्तावित)**

परीक्षा समिति द्वारा सत्र 2021–22 की प्रथम, तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर की परीक्षाऐं दिनांक 27, जनवरी 2022 से दिनांक 09, फरवरी 2022 तक सम्पादित कराये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

Bmishra

Add:- Sitapur-Hardoi Bypass Road, Lucknow -226013 U.P. (India) Contact:- 0522-2774041-45, Fax-05222774046
Website:- www.uafulucknow.ac.in, Email:- upuafulucknow@gmail.com

**बिन्दु सं0–3** **विश्वविद्यालय के सत्र 2021–22 के परास्नातक प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाओं हेतु एन0ई0पी0 पाठ्यक्रम के अनुसार संकायाध्यक्षों द्वारा संस्तुत प्रश्नपत्रों के प्रारूप के अनुमोदन पर विचार।**

परीक्षा समिति द्वारा सत्र 2021–22 के परास्नातक प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाओं के प्रश्नपत्रों के निर्माण हेतु संकायाध्यक्षों एवं निदेशक, अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी द्वारा संस्तुत प्रारुप पर पुर्नविचार हेतु निम्नलिखित समिति गठित की गयी–

1. प्रो0 चंदना डे, संकायाध्यक्ष, सामाजिक विज्ञान संकाय – अध्यक्ष।
2. समस्त विभागाध्यक्ष/विषय प्रभारी/प्रभारी निदेशक – सदस्य।

माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा सम्बंधित प्रारुप के निर्धारण हेतु गठित समिति की बैठक दिनांक 11, जनवरी 2022 की अपरान्ह् 2:30 बजे आहूत करने हेतु आदेशित किया गया। जिसको समस्त सदस्यों द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

**बिन्दु सं0–4** **गूगल फार्म/कार्यदायी संस्था के माध्यम से प्रथम, तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर की परीक्षाओं हेतु परीक्षाफार्म भरवाये जाने एवं बैक पेपर परीक्षाओं हेतु ऑफलाईन फार्म भरवाये जाने पर विचार।**

परीक्षा समिति द्वारा सत्र 2021–22 की प्रथम, तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर की परीक्षाओं हेतु परीक्षाफार्म एवं बैक पेपर/इम्प्रूवमेन्ट फार्म गूगल फार्म अथवा कार्यदायी संस्था के माध्यम से भरवाये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**बिन्दु सं0–5** **सत्र 2021–22 की प्रथम, तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर के नियमित एवं बैक पेपर प्रश्नपत्रों का निर्माण आंतरिक शिक्षकों से कराये जाने पर विचार।**

परीक्षा समिति द्वारा सत्र 2021–22 के समस्त प्रश्नपत्रों (नियमित एवं बैकपेपर) का निर्माण विश्वविद्यालय के आंतरिक शिक्षकों के माध्यम से कराये जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया।

**बिन्दु सं0–6** **स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रमों की प्रायोगिक परीक्षाऐं दिनांक 20, जनवरी 2022 से दिनांक 25, जनवरी 2022 के मध्य सम्पादित कराये जाने पर विचार।**

परीक्षा समिति द्वारा सत्र 2021–22 की प्रथम, तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर के स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रमों की प्रायोगिक/वाईवा वोस परीक्षाऐं दिनांक 20, जनवरी 2022 से दिनांक 25, जनवरी 2022 तक सम्पादित कराये जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया।

**बिन्दु सं0–7** **प्रायोगिक परीक्षाऐं ऑनलाईन माध्यम से सम्पादित कराये जाने पर विचार।**

परीक्षा समिति द्वारा सत्र 2021–22 की प्रथम, तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर की प्रायोगिक/वाईवा वोस परीक्षाऐं इस प्रकार सम्पादित कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया कि वाहृय परीक्षक ऑनलाईन प्रतिभाग कर सकते है परन्तु विद्यार्थियों को कोविड–19 के दिशानिर्देशों के अनुपालन के साथ विश्वविद्यालय में भौतिक उपस्थिति के साथ प्रतिभाग करना अनिवार्य होगा जिसको समस्त सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

बिन्दु सं0–8 निदेशक, अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संकाय के अनुरोध पत्र दिनांक 08, जनवरी 2022 के सापेक्ष, अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संकाय के बी0टेक0 एवं एम0टेक0 पाठ्यक्रम की परीक्षाऐं दिनांक 14, फरवरी 2022 से प्रारम्भ किये जाने पर विचार।

परीक्षा समिति द्वारा विश्वविद्यालय के समस्त विभागों / पाठ्यक्रमों की परीक्षाऐं दिनांक 27, जनवरी 2022 से 09, फरवरी 2022 के मध्य ही सम्पादित कराये जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया।

अन्य बिन्दु माननीय कुलपति / अध्यक्ष महोदय की अनुमति से।

बिन्दु सं0–1.1 सत्र 2021–22 की प्रथम तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर की परीक्षाओं से सम्बंधित प्रश्नपत्रों का निर्माण विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के अतिथि प्रवक्ताओं के माध्यम से कराये जाने सम्बन्धी प्रस्ताव को माननीय अध्यक्ष महोदय एवं समस्त सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से अस्वीकार किया गया।

Bmishra
11/02/2022

(डॉ0 भावना मिश्रा)
परीक्षा नियंत्रक / सचिव

(प्रो0 विनय कुमार पाठ्क)
कुलपति / अध्यक्ष